VIVEK TUTORIALS

X (English)
(Unit Test)

Hindi-(1 to 5)

DATE: 23-07-19

TIME: 1 hour

MARKS: 25

SEAT NO:

विभाग १ - गदय

Q.1 परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए (गदय)

1 A1) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 2

1) नईम न करामत अली से इन प्रश्नों से खैरियत पूछी|

2) करामत अली रास्ते में रमजानी की इन बातों पर विचार करने लगा|

"जानवर है । बँधा है तो इसे खिलाना-पिलाना तो पड़ेगा ही ।"

"जानते हो, इस महँगाई के जमाने में सिर्फ सादा चारा देने में ही तीन-साढ़े तीन सौ महीने का खर्चा है ।"

"सो तो है ।" कहते हुए करामत अली आगे कुछ नहीं बोला । घर से निकलकर कारखाने की तरफ हो लिया । रास्ते में वह रमजानी की बात पर विचार कर रहा था, लक्ष्मी अगर दूध नहीं देगी तो इसका क्या करेंगे । यह ख्याल तो उसके मन में आया ही नहीं था कि एक समय ऐसा भी आ सकता है कि गाय को घर के सामने खूँटे सें बाँधकर मुफ्त में उसे खिलाना भी पड़ सकता है ।

उसके साथी नईम ने उसे कुछ परेशान देखा तो पूछा-"करामत मियाँ, क्या बात है, बड़े परेशान नजर आते हो ? खैरियत तो है ?"

"ऐसी कोई विशेष बात नहीं है ।"

"कुछ तो होगा ।"

" क्या बताऊँ । गाय ने दूध देना बंद कर दिया है, बूढ़ी हो गई है । बैठाकर खिलाना पड़ेगा और इस जमाने में गाय-भैंस पालने का खर्चा...।"

"इसमें परेशान होने की क्या जरूरत है ? गाय बेच दो ।"

करामत अली ने हौका भरते हुए कहा, "हाँ, परेशानी से छुटकारा पाया जा सकता है । बहुत आसान तरीका है । लक्ष्मी को बेच दिया जाए ।" वह नईम के पास से हटकर अपने काम में जुट गया ।

करामत अली रात का गया सवेरे कारखाने से घर लौटा । रात की ड्यूटी से घर लौटने पर ही वह लक्ष्मी को दुहता था । घर में घुसते ही उसने रमजानी से पूछा-"क्या लक्ष्मी को अभी तक चारा नहीं दिया ?"

रमजानी बोली-"रहमान से कहा तो था ।"

"तुम दोनों की मर्जी होती तो गाय को अब तक चारा मिल चुका होता । अगर वह दूध नहीं दे रही है तो क्या उसे भूखा रखोगे?" कहते हुए करामत कटा हुआ पुआल, खली और दर्रा आदि ले जाकर लक्ष्मी के लिए सानी तैयार करने लगा ।

लक्ष्मी उतावली-सी तैयार हो रही सानी में मुँह मारने लगी ।

गाय को सानी देकर करामत अली उसकी पीठ देखने लगा । रोगन ने अच्छा काम किया था । दाग कुछ हल्के पड़ गए थे ।

दस-पंद्रह दिनों से यों ही चल रहा था । एक दिन जब करामत अली ने पुआल लाने के लिए रमजानी से पैसे माँगे तो वह बोली, "मैं कहाँ से पैसे दूँ ? पहले तो दूध की बिक्री के पैसे मेरे पास जमा रहते थे । उनमें से दे देती थी । अब कहाँ से दूँ ?"

A2) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 2

1) 

2) 

A3) i) वचन परिवर्तन कीजिए :- 1

1) पैसा -

2) परेशान -

ii) परिच्छेद में आए शब्द युग्म लिखिए :- 1

खिलाना -

A4) स्वमत :- 2

बूढ़ी गाय ने दूध देना बंद कर दिया तो उसके ऊपर डंडों से प्रहार होने लगा| आपके अनुसार यह उचित / अनुचित जो हो विचार व्यक्त कर दिए|

विभाग २ - पदय

प्र. २ पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए (पद्य)

1 A1) अनुच्छेद पढ़कर दी गई कृतियाँ पूर्ण कीजिए :- 2



किसी का हमने छीना नहीं, प्रकृति का रहा पालना यहीं हमारी जन्मभूमि थी यहीं, कहीं से हम आए थे नहीं ।.....
चरित थे पूत, भुजा में शक्ति, नम्रता रही सदा संपन्न हृदय के गौरव में था गर्व, किसी को देख न सके विपन्न ।
हमारे संचय में था दान, अतिथि थे सदा हमारे देव वचन में सत्य , हृदय में तेज, प्रतिज्ञा मे रहती थी टेव।
वही है रक्त, वही है देश, वही साहस है, वैसा ज्ञान वही है शांति, वही है शक्ति, वही हम दिव्य आर्य संतान ।
जिएँ तो सदा इसी के लिए, यही अभिमान रहे यह हर्ष निछावर कर दें हम सर्वस्व , हमारा प्यारा भारतवर्ष।

A2) i) समानार्थी शब्द अनुच्छेद से ढूँढकर लिखिए :- 1

1) धनी - .....

2) निर्धन - .....

ii) निम्नलिखित शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए :- 1

1) साहसी - .....

2) देव - .....

A3) स्वमत :- 2

हिन्दुस्तान के महापुरूषों की प्रसिद्धि का "मुख्य कारण, अपने शब्दों में व्यक्त कीजिए |

विभाग ३ - भाषा अध्ययन (व्याकरण)

(1) अधोरेखांकित शब्द का भेद लिखिए (2)

फूल पंखुरी-पंखुरी झर जाएगी|

(2) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त अव्यय ढूँढ़कर उसका भेद लिखिए (2)

(1) और – बाप और बेटे रसगुल्ले खा रहे थे |

(2) वह कोई मेहमान तो नही जो उन्हें बुलाऊँ।

(3) सुचना के अनुसार कालपरिर्तन किजिए (2)

1) मानू फूट – फूटकर रो रही थी | (पूर्ण वर्तमान काल)

2) बिल्ली फँसाने का कटघरा आया। (सामान्य वर्तमानकाल)

प्र. ४ पत्र लेखन - (5)

व्यवस्थापक, सरस्वती पुस्तक भंडार, दिल्ली / पुस्तकें मँगवाने हेतु / 12/12 अमृतसागर सोसायटी, कांदीवली मुंबई से पत्र लिखिए	